# U.G. 1st Semester Examination - 2020

# HINDI

## [PROGRAMME]

## Ability Enhancement Compulsory Courses (AECC)

## Course Code : HINP-AECC(MIL)-T-1

## [NEW COURSE]

Full Marks : 40 Time : 2 Hours

*The figures in the right-hand margin indicate marks. Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×5=10

   i) 'अज्ञेय' का पूरा नाम क्या है? उनकी किसी एक काव्य संग्रह का नाम लिखिए।

   ii) 'प्रेत का बयान' किसकी कविता है? कवि का वास्तविक नाम क्या है?

   iii) ताँगेवाले का क्या नाम था? वह कितने वर्षों से ताँगा चला रहा था?

   iv) "हामिद ने तीन पैसे में रंग जमा लिया।" —यह किस कहानी की पंक्ति है? 'रंग जमा लिया' मुहावरे का क्या अर्थ है?



   v) 'मित्रता' किस प्रकार का निबंध है? इसके निबंधकार कौन है?

   vi) 'आधुनिक युग की मीरा' किसे कहा जाता है? वह किस काव्य धारा की कवयित्री हैं?

   vii) 'मेरी जीवन गाथा' किसकी रचना है? उन्होंने किस पत्रिका का संपादन किया था?

   viii) "यह मेरा ही हस्ताक्षर है"—वाक्य शुद्ध कीजिए।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5×2=10

   i) अविरत दुःख है उत्पीड़न,
   अविरत सुख भी उत्पीड़न;
   दुःख-सुख की निशा-दिवा में,
   सोता-जगाता जग-जीवन!

   ii) स्टेशन की सीमा पार करते ही किसानों के साफ-सुथरे लिपे-पुते छोटे-छोटे घर और हरे-भरे खेत बड़े ही सुहावने जान पड़े। सात भी न बज पाए थे कि प्रूणचन्द्र ने सहस्रों घड़े दूध पृथ्वी पर उँड़ेल दिया । दिन की लू अब ठंडी हवा में परिवर्तित हो चुकी थी।

   iii) बुढ़िया का क्रोध तुरन्त स्नेह में बदल गया, और स्नेह भी वह नहीं, जो प्रगल्भ होता है और अपनी सारी कसक शब्दों में बिखेर देता है। यह मूक स्नेह था, खूब ठोस, रस और स्वाद से भरा हुआ।

iv) किन्तु भूख या क्षुधा नाम हो जिसका
ऐसी किसी व्याधि का पता नहीं हमको
सावधान महाराज,
नाम नहीं लीजिएगा
हमारे समक्ष फिर कभी भूख का !!

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** आलोचनात्मक प्रश्नों का उत्तर दीजिए : 10×2=20

i) 'मित्रता' शीर्षक निबंध में व्यक्त लेखक के विचारों को उद्घाटित कीजिए।

ii) 'जीवन विरह की जलजात' कविता का मूल भाव अपने शब्दों में लिखिए।

iii) 'कोरोना महामारी का वर्तमान परिदृश्य' विषय पर निबंध लिखिए।

iv) आपके इलाके में पेय जल आपूर्ति हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी को एक पत्र लिखिए।

---